सार-समाचार

## एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व छात्रों का 48 वर्ष बाद कोटा में मिलन




**कोटा,** (निसं)। जोधपुर के एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के 1977 बैच के पूर्व छात्रों का 48 वर्ष बाद ऐतिहासिक मिलन समारोह कोटा शहर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर भारत एवं विदेशों से आए कुल 56 पूर्व छात्र अपनी धर्मपत्नी के साथ कोटा पहुँचे और इस यादगार आयोजन का हिस्सा बने। कार्यक्रम के दौरान सभी सदस्यों ने कोटा शहर के प्रमुख आकर्षणों का भ्रमण किया। नए कोटा में विकसित चंबल रिवर फ्रंट, ऑक्सीजन पार्क एवं अन्य आधुनिक स्थलों की भव्यता ने सभी को प्रभावित किया। सदस्यों ने कोटा के सुव्यवस्थित विकास स्वच्छता तथा पर्यटन की बढ़ती पहचान की सराहना की। मिलन समारोह में पूर्व छात्रों ने अपने कॉलेज जीवन की स्मृतियों को साझा किया पारिवारिक माहौल में संवाद किया तथा पुराने संबंधों को पुनः सुदृढ़ किया। सभी सदस्यों ने चंबल रिवर फ्रंट की सुंदरता को विशेष रूप से सराहा और कोटा शहर को एक उभरते पर्यटन एवं सांस्कृतिक केंद्र के रूप में बताया। समारोह ने मित्रता पारिवारिक सहभागिता और स्मृतियों को जीवंत करते हुए सभी के लिए अविस्मरणीय अनुभव प्रदान किया।

## श्रीराम कथा की तैयारियों का जायजा लिया

**रामगंजमंडी,** (निसं)। आगामी माह 23, 24 एवं 25 जनवरी को रामगंजमंडी में आयोजित होने वाली बागेश्वर धाम सरकार की दिव्य श्रीराम कथा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथा आयोजन की व्यवस्थाओं का अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि श्रीराम कथा के लिए टेंट लगाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इससे पूर्व आयोजन स्थल पर मौजूद ऊबड़-खाबड़ ग्राउंड को समतल (प्लेन) करने, पर्याप्त लाइटिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएंगी। अधिकारियों के साथ बैठक कर विस्तार से चर्चा की गई कि कथा का मुख्य टेंट कहां लगाया जाएगा, श्रद्धालुओं की पार्किंग व्यवस्था किस स्थान पर रहेगी, भोजनशाला की व्यवस्था कहां की जाएगी तथा आवागमन को सुचारू रखने के लिए किन मार्गों का उपयोग किया जाएगा। इसके साथ ही सुरक्षा, स्वच्छता एवं बिजली-पानी की व्यवस्थाओं को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इस अवसर पर उपजिला कलेक्टर चारु वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अखिलेश मेड़तवाल, तहसीलदार नेहा वर्मा, रीको के रीजनल मैनेजर वी.के. विजयवर्गीय, पंचायत समिति विकास अधिकारी समय सिंह, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशासी अभियंता मेघराज नागर, सहायक अभियंता ज्वाला कुमार वर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रामकेश मीणा, बाबा बागेश्वर धाम कथा समिति के सदस्य जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र काला, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कौशल बाफना,पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष कमलेश गोईन, भाजपा नेता नितिन शर्मा, युवा नेता राजकुमार धाकड़, प्रतीक चौधरी, सरपंच मुकेश बैरवा व रामलाल बैरवा उपस्थित रहे। अधिकारियों ने आयोजन को सुव्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का आश्वासन दिया।

## गांजा तस्करी के दोषी को 6 वर्ष एवं दूसरे दोषी को 3 वर्ष का कारावास की सजा

**कोटा,** (निसं)। गांजा तस्करी के करीब साढे छह साल पुराने मामले में एनडीपीएस न्यायालय ने सुनवाई करते हुए गांजा तस्करी के दो आरोपीयों में से एक आरोपी को 6 वर्ष एवं दूसरे आरोपी को 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई साथ ही दोनो को 50 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। विशिष्ट लोक अभियोजक महेंद्र सिंह निर्भय ने बताया कि 3 अगस्त 2019 को थानाधिकारी थाना बपावर कलां कोटा ग्रामीण नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे, नाकाबंदी के दौराने मोटरसाईकिल चालक ने पुलिस नाकाबन्दी को देखकर बाईक को घुमान का प्रयास किया तो बाईक चालक व बाईक पर पीछे बैठा एक जना दोनों बाईक से गिर गये। पुलिस ने संदेह होने पर मोटरसाइकिल सवार दो जनों को डिटेन किया। पुलिस टीम ने मौके पर जब तलाशी ली तो उनके पास मौजूद प्लास्टिक की पीपी में अवैध मादक पदार्थ 4 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके पर एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करते हुए मोईकला थाना बपावर कलां निवासी कालूलाल एवं हरिशंकर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामले में अनुसंधान के पश्चात आरोपी कालूलाल और हरिशंकर के साथ सह आरोपी छोटू उर्फ सुरेंद्र के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया। मामले में 12 गवाहों के बयान दर्ज कराये गये एवं 48 दस्तावेज पेश किये गये। न्यायालय ने मामले में निर्णय देते हुए दोनों आरोपी कालूलाल और हरिशंकर को दोषी करार देते हुए कालूलाल को पूर्व इसी न्यायालय द्वारा इसी विशिष्ट विधि के अपराध में दोषसिद्धि के तथ्य को देखते हुए उसे 6 वर्ष के कठोर कारावास एवं हरिशंकर के विरुद्ध पूर्व में अन्य कोई अपराध दर्ज नहीं होने के तथ्य को देखते हुए उसे 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। जबकि सहअभियुक्त छोटू उर्फ़ सुरेंद्र निवासी थाना जूनागढ़ उड़ीसा जो की मफरुर है। जिसके स्थाई वारंटी जारी है।

## निःशुल्क कंबल वितरण योजना

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती संभागीय हैहय क्षत्रिय कलाल संस्थान एवं हाड़ौती संभागीय हैहय क्षत्रिय कलाल युवा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में कोटा शहर की सड़कों पर रात्रि विश्राम करने को मजबूर निर्धन, गरीब, असहाय लोगों को ठंड में बचाव के लिए निशुल्क कंबल वितरण का पुनीत कार्य हमारे संस्थान द्वारा किया गया। जिसमें संस्थान के निम्न पदाधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य संरक्षक महावीर कलवार, अध्यक्ष युवराज सुवालका, महामंत्री जगदीश मेवाड़ा, उपाध्यक्ष चेतराम मेवाड़ा, संरक्षक मूलचंद मेवाड़ा, नरेश सुवालका, रामबाबू सुवालका, सुनिल जायसवाल, बद्रीलाल पारेता, संजय मेवाड़ा, टीकमचंद मेवाड़ा, मीडिया प्रभारी मनीष मेवाड़ा, संस्कृति मंत्री मुकेश मेवाड़ा, कार्यालय मंत्री दीपक जायसवाल, हाड़ौती संभागीय युवा अध्यक्ष निशांत पारेता, कोटा शहर युवा अध्यक्ष जितेन्द्र सुवालका, मोना टांक, कौशल सुवालका, दुर्गेश मेवाड़ा, जितेंद्र मेवाड़ा, कृष्णमुरारी पारेता, नितेश सुवालका, विजय टांक, अंशुल मेवाड़ा, विनायक मेवाड़ा, गरुन सुवालका, विजय पारेता, सोनू पारेता, प्रिंस मेवाड़ा, कमल सुवालका, मेहुल सुवालका, सागर सुवालका आदि उपस्थित रहे।

## भरतनाट्यम कार्यशाला का आयोजन

**रामगंजमंडी,** (निसं)। श्री हीरा भाई परीख राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रामगंजमंडी में 15 दिसम्बर सोमवार से 17 दिसम्बर बुधवार तक तीन दिवसीय भरतनाट्यम कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें हैदराबाद से आई नृत्यांगन बृष्टि ने बालिकाओं को विभिन्न मुद्राओं की लय ताल के साथ प्रस्तुतियां देकर डांस की जानकारियां दी। इस विधा में अपना कैरियर या संगीत में रुचि रखने वाली बालिकाओं को आगे बढ़ने हेतु प्रेरणा दी। सभी बालिकाओं में से रुचि रखने वाली बालिकाओं जिनकी संख्या 85 थी, जिन्होंने कार्यक्रम में शामिल होकर नई विधा सीखी। समापन सत्र में गार्गी मेहता प्रधानाचार्य ने बालिकाओं से बात कर कहा कि आपको कैसा लगा, सभी उत्साहित नज़र आ रही थी। अन्य स्टाफ में बीना सोनी, संगीता अहीर, संतरा मीणा, ओम कंवर पुरावत, मीनाक्षी योगेन्द्र व संपा सामंत ने इसको एक अच्छा प्रयास बताया।

## निःशुल्क प्रशिक्षण केंद्र शुरू

**छबड़ा** (निसं)। राजस्थान सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री नारी शक्ति प्रशिक्षण एवं कौशल संवर्धन योजना के अंतर्गत बांके बिहारी चौराहे पर महिलाओं और बालिकाओं के लिए निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। यहां बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रधान हरिओम नागर ने शिरकत की विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला परिषद सदस्य फूलसिंह मीणा, प्रशासक सत्यनारायण, सुरेंद्र वर्मा, रवि शर्मा, मनोज नागर आदि मौजूद थे। संचालक गोलू केवट (तीतरखेड़ी) ने बताया कि वर्ष 2025-26 में विभाग द्वारा आरएससीआईटी एवं आरएससीएफ कंप्यूटर प्रशिक्षण के लिए 33 बालिकाओं का चयन किया।

# नेत्र चिकित्सा शिविर में लगभग 227 जनों को नेत्र ज्योति मिली

■ तीन दिवसीय विशाल निःशुल्क 22वें नेत्र चिकित्सा, शल्य (ऑपरेशन) परामर्श शिविर का भव्य समारोह के साथ समापन हुआ

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर में बापना सोशल सर्किल, सुधर्म जैन महिला मण्डल, अर्हम जैन सोशल ग्रुप व श्री सुधर्म जैन नवयुवक मण्डल रामगंजमण्डी व सिंधु सर्कल, लायन्स क्लब कोटा (साउथ) के तत्वावधान में 15 दिसम्बर से आयोजित तीन दिवसीय 22वें विशाल निःशुल्क नेत्र चिकित्सा, शल्य (ऑपरेशन) परामर्श शिविर का समारोह के साथ बुधवार को समापन मेड़तवाल धर्मशाला में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह की मुख्य अतिथि डॉ.अनिता शर्मा प्रिंसिपल डीएवी स्कूल रही। वहीं अध्यक्षता सर्किल के संरक्षक हुकम बापना ने की।

समारोह में गोविंदजी गुरु गोविंद धाम, पूर्व पालिकाध्यक्ष देवीलाल सैनी, मोहनलाल मीणा रिटायर्ड कमिश्नर एक्साईज, डॉ.प्रमोद स्नेही, संजय विजावत, रामगोपाल गुप्ता (नेताजी), मोहनलाल चौधरी, प्रहलाद बैसला पूर्व अध्यक्ष कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन, जितेंद्र भारती एडवोकेट, सुभाष बाफना,पार्षद बच्चन सिंह सलूजा, सुधर्म जैन महिला मंडल की अध्यक्ष कंचन सर्राफ एवं उनके सदस्यों सहित आदि कई गणमान्य उपस्थित रहे। शिविर में लगभग 227 सफल ऑपरेशन एवं 55 ऑपरेशन जनरल हुए, जिनका ऑपरेशन बुधवार को कोटा सुधा हॉस्पिटल किया गया।

सभी नेत्र रोगी प्रसन्न एवं स्वस्थ हैं, सभी मरीज एवं उनके परिजन भोजन प्रसादी ग्रहण कर अपने-अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान कर गए। जो व्यक्ति दूर से आए थे,जैसे चेचट, मोड़क, गुण्दी, फतेहपुर, ढाबादेह, खेड़ली व बोरिना से उन मरीजों को भी सर्किल की बस द्वारा अपने अपने गणतव्य तक पहुंचाया गया।

इन शिविरों की अक्सर यह विशेषता रहती है कि शिविर में जनसामान्य, सामाजिक, राजनैतिक व प्रशासनिक स्तर का संगम देखने को मिलता है। शिविर के समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बापना सोश्यल सर्किल के संरक्षक एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष हुकम बापना ने कहा कि पहला शिविर वर्ष 1995 में लगा था,जो अनवरत शिविर प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है, जिस श्रृंखला का यह 22वाँ शिविर है मुझे खुशी है की विपरीत मौसम के बाद भी दूर-दूर से लोग जुड़ते गये और कारवां बनता ही गया। मुझे आज सच्चाई का एहसास हुआ कि यह राम की मंडी है और इसका जो नामांतरण हुआ वह आज चरितार्थ भी हुआ है जिसका प्रमाण सर्दी के बाद भी लगभग 227 जनों का ऑपरेशन होना है।अब तक सम्पन्न हुये 22 शिविरों में लगभग 5500 लोगों के ऑपरेशन हो चुके है। जिनमें से एक का भी ऑपरेशन असफल नहीं होना अपने आप मे शिविर की उपलब्धि है।

उन्होंने मानव सेवा के इस पुनीत कार्य के लिए शिविर में सेवा देने वालों का सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं 2026 के 23वें शिविर को रामगोपाल गुप्ता(नेताजी) चौधरी परिवार खैराबाद के द्वारा करवाये जाने की घोषणा पर सभी ने चौधरी परिवार को बहुत-बहुत धन्यवाद और साधुवाद दिया। शिविर में उपस्थित मरीजों ने व्यवस्थाओं की प्रशंसा की, सभी अतिथियों ने मंच के माध्यम से मरीज के शीघ्र स्वस्थ होने की और उनके नेत्र ज्योति शीघ्र लौटने की कामना की। अंत में तेजमल सर्राफ शिविर संयोजक द्वारा सभी आगंतुकों का एवं मरीजो का बहुत-बहुत आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया गया तथा शिविर में सेवा देने वालों को सम्मानित किया गया। शिविर में आर्थिक सहयोग देने वालों सहित सभी पत्रकार बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। मंच का संचालन शिविर संयोजक तेजमल सर्राफ द्वारा किया गया।

## वार्षिक अधिवेशन व पेंशनर्स दिवस समारोह आयोजित

**कोटा,** (निसं)। ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फोडेशन (एआईआरपीडबल्यूएफ) का द्वितीय वार्षिक अधिवेशन व पेंशनर्स दिवस समारोह बुधवार को उमरावमल पुरोहित समागार मे घूमधाम के साथ आयोजित किया गया।

फेडरेशन के प्रेस सचिव राजेश गौतम ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सहायक महामंत्री एआईआरएफ मुकेश गालव व अतिथियो में सूपर्णा सेन रॉय मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोटा रेल मण्डल, राकेश व्यास मुख्य अग्निशमन अधिकारी, दीपक राजवंशी नेता प्रतिपक्ष, दीपिका शर्मा शाखा प्रबंधक आईसीआईसीआई बैंक, ईरशाद खान, नरेश मालव कार्यकारिणी सदस्य एआईआरएफ ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व राष्ट्रगीत वंदेमातरम के सामुहिक गान के साथ किया। फेडरेशन के सचिव डीके आरोड़ा ने संस्था का वार्षिक प्रतिवेदन पटल पर रखा तथा कोषाध्यक्ष अब्दुल रफीक ने लेखा-जोखा व ऑडिट रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह मे 80 वर्ष से अधिक आयु के ग्यारह पेंशनर्स का शॉल व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया।

समारोह में संस्था के वर्ष 2026 के वार्षिक कलेण्डर व डायरी का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। पेंशनर्स के लिए सेफ इन्वेस्टमेन्ट टिप्स का सत्र आयोजित किया गया। जिसमे सतीश जैन, रतन अग्रवाल आदि ने पेंशनर्स को सेफ,सिक्यूर व लाभकारी इन्वेस्टमेन्ट करने के टिप्स को गहनता से समझाया। पेंशनर्स व बाल कलाकारो द्वारा गायन, वादन, नृत्य की मनोरंजक प्रस्तुतिया देकर दर्शक दीर्घा को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए मुकेश गालव ने आठवें वेतन आयोग मे पेंशनर्स के सभी हितो को शामिल कर लागू करवाने का आश्वासन दिया।

इस मौके पर एआईआरपीडब्ल्यूएफ के उपाध्यक्ष आरएन सिंह, एम एस बग्गा, कार्यकारिणी सदस्य डी.एन. शर्मा, सतीश देवानी, अजय कपूर, जयकुमार पात्रे ने प्रतियोगिता के विजेताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## विंटर वंडरलैंड-क्रिसमस के उल्लास संग शिक्षा का सशक्त संदेश

■ राउंड टेबल इंडिया द्वारा भव्य पोस्टर लॉन्च, 22-23 दिसंबर को सिटी पार्क में आयोजन

**कोटा,** (निसं)। राउंड टेबल इंडिया द्वारा आयोजित किए जाने वाले बहुप्रतीक्षित सामाजिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव 'विंटर वंडरलैंड 2025' का भव्य पोस्टर रविवार को लॉन्च किया गया। यह आयोजन 22 एवं 23 दिसंबर को सिटी पार्क, कोटा में संपन्न होगा। कार्यक्रम के मुख्य प्रायोजक ओरिलाइट लाइफ स्पेसेस रहेंगे।

पोस्टर विमोचन अवसर पर प्रेम भाटिया, विवेक राजवंशी, एरिया चेयरमैन धर्मवीर पाण्डेय, एरिया सर्केट्री किंशुक जैन, चेयरमैन रोहिताब सोनी, सचिव निखिल अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभदीप शर्मा, उपाध्यक्ष मुकुल जैन सहित राउंड टेबल इंडिया के अनेक सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर चेयरमैन रोहिताब सोनी ने घोषणा की कि विंटर वंडरलैंड 2025 से प्राप्त होने वाली संपूर्ण धनराशि का उपयोग महावीर नगर गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए कक्षा-कक्षों एवं टॉयलेट रूम के निर्माण हेतु किया जाएगा। उन्होंने कहा कि "राउंड टेबल इंडिया शिक्षा के माध्यम से समाज में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।"विंटर वंडरलैंड 2025 न केवल क्रिसमस के उल्लास को साझा करेगा, बल्कि वंचित बालिकाओं की शिक्षा एवं बेहतर सुविधाओं के लिए एक मजबूत कदम साबित होगा। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण-कार्यक्रम के सचिव निखिल अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष शुभदीप शर्मा ने बताया कि इस वर्ष विंटर वंडरलैंड में बच्चों, महिलाओं एवं बड़ों के लिए विशेष गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। देश के विभिन्न कोनों से 18 से अधिक प्रसिद्ध कलाकार बच्चों के मनोरंजन एवं फन-एक्टिविटीज़ के लिए कोटा आएंगे। कार्यक्रम में मैजिशियन, बबल आर्टिस्ट, गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड से सम्मानित 'बुल ऑफ आर्टिस्ट', बैंड परफॉर्मेंस, बैले डांसर्स, रूसी कलाकारों की भव्य परेड, साथ ही बच्चों के लिए सांता क्लॉज़ विशेष आकर्षण रहेंगे। इसके अलावा रंगीन क्रिसमस मार्केट, खेल-कूद गतिविधियाँ एवं शानदार लाइव प्रस्तुतियाँ भी दर्शकों को आकर्षित करेंगी।

पोस्टर विमोचन समारोह में ओरिलाईट लाईफ स्पेसेस प्रांजल अग्रवाल ने कहा कि शिक्षा के बेहतरी के लिए किए गए कार्यों में सहयोगी बनना पुण्य अर्जन के समाज है यह देश निर्माण का कार्य है। प्रेम भाटिया ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए आयोजन टीम को शुभकामनाएँ दीं। विवेक राजवंशी ने कहा कि युवा समाजसेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं, जो "बदलते भारत की सकारात्मक तस्वीर" प्रस्तुत करता है। डॉ.सौरभ शर्मा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे ये प्रयास समाज के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ओरिलाईट लाईफ स्पेसेस से ध्रुवी तथा सूर्या होटल्स से अन्वेषा एवं सूर्या ने भी कार्यक्रम में उपस्थित रहकर आयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

राउंड टेबल इंडिया की टीम के मुकुल, अंकित, जसकरण, राघव, शौर्य, सिद्धार्थ, अनंत, राहुल, अंशुल, प्रांशुल एवं निखिल ने आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।

## स्कूल बैग वितरित

**कोटा,** (निसं)। अक्षम कल्याण संस्थान की और से राजकीय उच्च प्रा विद्यालय सिविल लाइंस नयापुरा कोटा के होनहार छात्रों का चयन कर उन्हें स्कूल बैग वितरित किए। कार्यक्रम में संस्थान की अध्यक्ष एकता धारीवाल समेत अनुराधा अग्रवाल अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

**खोया पाया**

मुकुट बिहारी मालव पुत्र रामगोपाल निवासी- मकान नंबर 3/52, स्वामी विवेकानंद नगर, कोटा का मूल निरस्तीकरण पेपर गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

**खोया पाया**

आयुष गुप्ता पुत्र राकेश गुप्ता के नाम भूखंड संख्या c-89 देवनारायणनगर आवासीय योजना व राकेश गुप्ता की पुत्रवधु गुंजन राय के नाम भूखंड संख्या j-118 देवनारायण नगर आवासीय योजना में आवंटित हुए थे, दोनों भूखंडों के मूल आवंटन पत्र जमा राशि की रसीदे नगरीय कर रसीद साइड प्लान लीज डीड रजिस्ट्री के मूल दस्तावेज एवं अन्य संबंधित मूल कागजात कहीं गुम हो गए हैं किसी को मिलने पर सूचित करें।

**हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना**
(साधारण प्रारुप)
(व्यवहार प्रक्रिया संहिता की पहली अनुसूची संख्या 4)
नाम अदालत पारिवारिक न्यायालय क्रम-2
स्थान कोटा

कृष्णा विरुद्ध हरि सिंह

वाद / प्रार्थना-पत्र 13 H.M. Act
प्रार्थना संख्या : 488/2022 (CIS 1041/22)
नाम हरि सिंह पुत्र भीम सिंह जाति राजपूत, पता- प्रेम नगर-II, कंसुआ, DCM, कोटा

उक्त कृष्णा ने इस अदालत में यह आवेदन किया है कि नकल संलग्न है।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आपके आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए ता. 24 मास 12 सन् 2025 को 10 AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्पर्क रुप से अनुदेश दिया गया हो उपसंज्ञात हो यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रुप में किया जायेगा। यह आज ता. 16 मास 12 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

मोहर अदालत

आज्ञानुसार
वरिष्ठ मुंसरिम
पारिवारिक न्यायालय
क्रम-2, कोटा

## एलन के 229 स्टूडेंट्स आईएनएमओ के लिए चयनित

**कोटा,** (निसं)। इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड के लिए दूसरे चरण रीजनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड (आरएमओ) का परिणाम जारी कर दिया गया है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड कोटा के प्रेसिडेंट विनोद कुमावत ने बताया कि मैथेमेटिक्स टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया और होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) द्वारा संयुक्त रूप् से आयोजित आरएमओ परीक्षा के बाद इंडियन नेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड (आईएनएमओ) के लिए स्टूडेंट्स क्वालीफाई किए गए हैं। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के 229 स्टूडेंट्स आईएनएमओ के लिए क्वालिफाई हुए हैं।

कुमावत ने बताया कि भारत में गणितीय ओलंपियाड कार्यक्रम (एमओपी) का आयोजन परमाणु उर्जा (डीएई) भारत सरकार के राष्ट्रीय उच्च गणित बोर्ड (एनबीएचएम) विभाग की तरफ से होमी भाभा सेंटर फॉर साइंस एजुकेशन (एचबीसीएसई) के द्वारा किया जाता है। यह पांच चरणों में आयोजित होता है। पहला चरण इंडियन ओलंपियाड क्वालिफायर इन मैथेमेटिक्स (आईओक्यूएम) होता है। जिसमें एलन के 1198 विद्यार्थी दूसरे चरण आरएमओ के लिए चयनित हुए थे। आरएमओ के बाद आईएनएमओ के लिए पूरे देश से कुल 1092 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। जिसमें अभी तक की गई गणना के अनुसार एलन से 229 विद्यार्थियों का चयन आईएनएमओ के लिए हुआ है।

तीसरा चरण आईएनएमओ 18 जनवरी 2026 को पूरे देश में आयोजित होगा। जिसके बाद चौथे चरण आईएमओटीसी के बाद चयनित छह विद्यार्थियों की टीम इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलंपियाड 2026 में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। जोकि चीन के शंघाई में आयोजित होगा।

## कांग्रेसियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका

**कोटा,** (निसं)। मोदी सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं ईडी, सीबीआई का जिस प्रकार से विपक्षी नेताओं पर झूठे मुकदमें लगाकर उनके ऊपर जिस प्रकार से डराने व धमकाने का कार्य किया जा रहा है इसके विरोध में पीसीसी के निर्देश पर 17 दिसंबर बुधवार को शहर एवं देहात कांग्रेस कमेटी की ओर से शहर कांग्रेस अध्यक्ष राखी गौतम एवं देहात अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह की अगुवाई में आक्रोशित कांग्रेसियों ने नयापुरा स्थित जिला कलेक्टरी कार्यलय के बाहर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला जलाकर रोष व्यक्त किया।

इस मौके पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष राखी गौतम ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाये ईडी, सीबीआई मोदीजी के इशारे पर काम कर रही है कांग्रेस के नेताओ पर झूठे मुकदमे लगवाकर उन्हें डराने व धमकाने का काम कर रही है लेकिन हमारे नेता राहुल गांधी, सोनिया गांधी किसी भी स्थिति में डरने वाले नही है जो परिवार गोरे से नही डरा इन लोगों से डरनेवाला नही है उन्होंने मोदीजी जिस प्रकार से संवैधानिक संस्थाओं का गलत प्रयोग कर रहे है ये सरेआम लोकतंत्र की हत्या है उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में कोर्ट ने मुकदमा खारिज कर दिया ये मोदी सरकार पर तमाचा है इसको देश की जनता देख रही है हम इसका डटकर विरोध करते रहेंगे। देहात अध्यक्ष भानूप्रताप सिंह ने कहा कि मोदीजी विपक्षी पार्टी के सभी नेताओं पर झूठे मुकदमे में फंसाने की कोशिश कर रहे है उनमें मोदीजी को नाकामी मिल रही है इसको देश की जनता देख रही है मोदी सरकार लोकतंत्र एवं संविधान की धज्जियां उड़ा रहे है हमको सड़कों पर उतरना पड़े पीछे नही हटेंगे।

पीसीसी महासचिव अमित धारीवाल ने कहा कि अभी तो मोदीजी का पुतला जला है ये आग मोदी सरकार के खिलाफ देश मे फैलेंगी ऐसे ही चलता रहा तो संभालना मोदी के वश में नही होंगा उन्होंने कहा कि झूठे मुकदमे कब तक लगाओगें जनमानस का मूड जिस दिन बदलेगा उसकी अदालत से मोदीजी बरी होने वाले नही है। उक्त जानकारी देते हुए कांग्रेस कमेटी के जिला महासचिव डॉ.विजय सोनी ने बताया कि प्रदर्शन में मुख्य रूप से पीसीसी सचिव मंजूर तंवर, दक्षिण उपमहापौर पवन मीणा, उत्तर उपमहापौर सोनू कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष ललित शर्मा, अनूप कुमार, हेमंत तिवारी, महेंद्र गुर्जर, देवेंद्र गोयनंदा, जयेश शृंगी, आशु गंभीर, विष्णु मेवाड़ा, गीता मेघवाल, देहात एससी अध्यक्ष परसराम बैरवा, सुमित गुर्जर जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अनुराग गौतम, अरुण गौतम, सेवादल जिलाध्यक्ष प्रेम लाहौरिया, हमिद खान, यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुईजुद्दीन गुड्डू, मंडल अध्यक्ष संजय जैन, मनीष भारद्वाज, सिद्धिक अंसारी, प्रेम पालीवाल, चेतन पारेता, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष दिलदार अली वीरेंद्र मंडा, रामकैलाश मेघवाल, पूर्व सरपंच कालूलाल मेहरा आदि रहे।

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-1723 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत् आम सूचना दिनांक: 10.12.25

नगर विकास न्यास कोटा की योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी व्यवसायिक का भूखण्ड/आवास संख्या 26 श्री महेश कुमार मीणा पुत्र श्री मोहनलाल मीणा को दिनांक 09.01.2023 को आवंटन किया गया था। आवंटी द्वारा उक्त भूखण्ड/आवास जर्ये मुख्तारआम श्री नन्दीश सोनी पुत्र स्व.श्री बालकिशन सोनी द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 23.09.2025 को श्रीमती प्रिती सोनी पत्नी श्री नन्दीश सोनी को विक्रय कर दिया गया है। उक्त भूखण्ड/आवास का नामहस्तान्तरण स्वीकृति क्रर्यकर्ता द्वारा कोटा विकास प्राधिकरण से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात् उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 26 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी व्यवसायिक का नाम हस्तान्तरण आवेदक श्रीमती प्रिती सोनी पत्नी श्री नन्दीश सोनी के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/683 दिनांक: 16.12.25

नाम हस्तान्तरण बाबत् आम सूचना

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा आवास/भूखण्ड संख्या-3 देवली अरब आवासीय योजना का आवंटन प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 151 दिनांक 12.04.2016 द्वारा सुश्री रिया शर्मा पुत्री श्री प्रेमनाथ शर्मा को आंवटित किया गया था। सुश्री रिया शर्मा के द्वारा श्रीमती सविता शर्मा पत्नि श्री प्रेमनाथ शर्मा को उक्त भूखण्ड कि कार्यवाही के सम्बंध में मुख्तारआम नियुक्त किया गया श्रीमती सविता शर्मा पत्नि श्री प्रेमनाथ शर्मा के द्वारा मुख्तारआम के आधार पर उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विकृय पत्र दिनांक 17.06.2025 को श्री राहुल खण्डेलवाल पुत्र श्री रमेश चन्द खण्डेलवाल एवं श्रीमती ऋचा गौड पत्नि श्री राहुल खण्डेलवाल के द्वारा अपने नाम उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है यदि इस नाम हस्तांतरण की स्वीकृती देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिन के अन्दर-अन्दर अपनी आपत्ति दर्ज करावे अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त आवास/भूखण्ड संख्या-3 देवली अरब आवासीय योजना का नाम हस्तांतरण श्री राहुल खण्डेलवाल पुत्र श्री रमेश चन्द खण्डेलवाल एवं श्रीमती ऋचा गौड पत्नि श्री राहुल खण्डेलवाल के नाम कर दिया जावेगा।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2025/1732 विज्ञप्ति दिनांक: 17.12.25

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बोरखेडा में स्थित कृषि भूमि योजना समृद्धि रेजीडेन्सी ब्लॉक-ए खसरा नं. 362 का पार्ट के भूखण्ड संख्या ए-35 ऑनलाईन नाम हस्तान्तरण हेतु प्राधिकरण कार्यालय में श्री महेन्द्र कुमार मीणा पुत्र श्री गिरिर्राज किशोर मीणा निवासी सुभाष कॉलोनी, रामगंजमण्डी जिला कोटा द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा क्रमांक 814 दिनांक 25.09.2017 द्वारा श्रीमती अदिती जैन पुत्र श्री नरेश कुमार शिवहरे के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखण्ड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 01.11.2017 को इसुकाला सुनिथा राव पत्नि श्री मनोहर इसुकाला के पक्ष में जारी किया गया था। जिसका ऑन लाईन नाम हस्तान्तरण आदेश क्रमांक UIT-KOTA/FY20-21/MUT/273 दिनांक 21/08/2020 से जारी किया गया था। इसुकाला सुनिथा राव द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करे बिना आईसीआईसीआई बैंक से ऋण लिया गया। ऋण का भुगतान नही करने के कारण आईसीआईसीआई बैंक द्वारा उक्त भूखण्ड को कुर्क कर आवेदक श्री महेन्द्र कुमार मीणा को जर्ये रजि. विक्रय पत्र दिनांक 18.04.2023 को बैचान किया गया है।

अत: श्री महेन्द्र कुमार मीणा पुत्र श्री गिरिर्राज किशोर मीणा के नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक : 2684 जाहिर आम सूचना दिनांक : 17.12.2025

आवास संख्या 1/87 गणेश तालाब, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्री कालू मोहम्मद पुत्र श्री गफूर मोहम्मद को किया गया था। इस आवास का नियमितिकरण श्री तेजभान चुग पुत्र श्री सीतलदास के नाम दिनांक 29.08.2006 को किया गया। इस आवास का पंजीयन श्री तेजभान चुग पुत्र श्री सीतलदास द्वारा दिनांक 07.12.2006 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री तेजभान चुग पुत्र श्री सीतलदास द्वारा इस आवास से सम्बन्धित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 04.10.2007 को मुख्तार नामा आम आलेखित कर श्री महेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व. श्री टुण्डाराम को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री महेश चन्द्र अग्रवाल पुत्र स्व. श्री टुण्डाराम मुख्तार आम श्री तेजभान चुग पुत्र श्री सीतलदास द्वारा मुख्तार आम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 09.09.2010 को श्रीमती धापू देवी पत्नी श्री बजरंग लाल को किया गया। श्रीमती धापू देवी पत्नी श्री बजरंग लाल द्वारा इस कार्यालय मे प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1/87 गणेश तालाब, कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मण्डल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है। अत: इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती धापू देवी पत्नी श्री बजरंग लाल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि इस आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती धापू देवी पत्नी श्री बजरंग लाल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति / पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मण्डल अभिलेख में श्रीमती धापू देवी पत्नी श्री बजरंग लाल का नाम विक्रय पत्र के आधार पर दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

**कार्यालय नगर परिषद बारां**
स्टेशन रोड़, बारां (राज.) | nagarpalikabaran@gmail.com | Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा/तामीर शाखा/2025/8520 सार्वजनिक विज्ञप्ति दिनांक : 17.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन गुप्ता, निवासी- बारां का आवेदन उपविभाजन वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख संख्या 8444 दिनांक 29.03.2024, एकल भूखण्ड माप 2425 वर्गमीटर, राजस्व ग्राम सुसावन का श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन निवासी बारां के नाम जारी किया, जिसमें पट्टाधारकों ने जर्ये शपथ पत्र दिनांक 07.10.2025 से उक्त भूखण्ड में से भूखण्ड संख्या बी1 माप 7371 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या बी2 माप 5454.54 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या बी3 माप 5896.80 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या बी4 माप 7371 वर्गफीट, का उपविभाजन स्वयं के नाम करवाना चाहते हैं। जिसमें भूखण्ड संख्या बी1 माप 7371 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या बी2 माप 5454.54 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या बी3 माप 5896.80 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या बी4 माप 7371 वर्गफीट, का उपविभाजन श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन गुप्ता निवासी बारां के नाम किया जाना है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अंदर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करें। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर परिषद बारां**
स्टेशन रोड़, बारां (राज.) | nagarpalikabaran@gmail.com | Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा/तामीर शाखा/2025/8519 सार्वजनिक विज्ञप्ति दिनांक : 17.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन गुप्ता निवासी बारां का आवेदन उपविभाजन वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख संख्या 7492 दिनांक 23.08.2023, एकल भूखण्ड माप 2420.07 वर्गमीटर, राजस्व ग्राम सुसावन का श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन निवासी बारां के नाम जारी किया, जिसमें पट्टाधारको ने जर्ये शपथ पत्र दिनांक 07.10.2025 से उक्त भूखण्ड में से भूखण्ड संख्या ए1 माप 7000 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या ए2 माप 7000 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या ए3 माप 12040 वर्गफीट, का उपविभाजन स्वयं के नाम करवाना चाहते है। जिसमें भूखण्ड संख्या ए1 माप 7000 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या ए2 माप 7000 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या ए3 माप 12040 वर्गफीट, का उपविभाजन श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन गुप्ता निवासी बारां के नाम किया जाना है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अंदर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करें। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर परिषद बारां**
स्टेशन रोड़, बारां (राज.) | nagarpalikabaran@gmail.com | Phone : 07453-230106

क्रमांक : नपबा/तामीर शाखा/2025/8516 सार्वजनिक विज्ञप्ति दिनांक : 17.12.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन गुप्ता, निवासी बारां का आवेदन उपविभाजन वास्ते प्राप्त हुआ है। जिसमें पट्टा विलेख संख्या 7493 दिनांक 23.08.2023, एकल भूखण्ड माप 2148.88 वर्गमीटर, राजस्व ग्राम सुसावन का श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन निवासी बारां के नाम जारी किया, जिसमें पट्टाधारकों ने जर्ये शपथ पत्र दिनांक 07.10.2025 से उक्त भूखण्ड में से भूखण्ड संख्या सी1 माप 7400 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या सी2 माप 4440 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या सी3 माप 5882 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या सी4 माप 5400 वर्गफीट, का उपविभाजन स्वयं के नाम करवाना चाहते हैं। जिसमें भूखण्ड संख्या सी1 माप 7400 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या सी2 माप 4440 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या सी3 माप 5882 वर्गफीट, भूखण्ड संख्या सी4 माप 5400 वर्गफीट, का उपविभाजन श्री शेलेन्द्र कुमार, श्री पवन कुमार पुत्र श्री मदन मोहन गुप्ता निवासी बारां के नाम किया जाना है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अन्य किसी को आपत्ति हो तो अंदर 7 दिवस में आपत्ति मय दस्तावेजों के साथ कार्यालय हजा में प्रस्तुत करें। बाद अवधि गुजर जाने पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी।

अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद बारां

**कार्यालय नगर पालिका छबड़ा जिला बारां**
Email ID : npchhabra5@gmail.com | Phone No.: 07452-222025

क्रमांक : न.पा.छ./2025/4884 आपत्ति आमंत्रण सूचना दिनांक : 06.10.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न व्यक्ति द्वारा राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 'क' की उपधारा (B) के अधीन स्थानीय प्राधिकरण के न्यायधीश रखी गयी भूमि का नियमितिकरण और आवंटन हेतु अधिसूचना क्रमांक एफ 3(50) युडीएच/3/2012 मई 31, 2012 के अध्याय 3 के बिन्दु सं. 16 के प्रावधानों के अन्तर्गत राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 2012 के 22 अन्तर्गत नियमितिकरण/आवंटन हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज प्रमाण के 07 दिवस की अवधि में इस कार्यालय में लिखित रुप से प्रस्तुत कर दें। समयावधि गुजरने के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

| क्र. सं. | आवेदक / हितबद्ध व्यक्ति का नाम | खसरा सं. | स्थान/कॉलोनी का नाम | भूखण्ड संख्या | क्षेत्रफल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री गिर्राज प्रसाद आत्मज श्री रामस्वरुप, श्रीमती संतोष पत्नी गिर्राज प्रसाद, जाति गुर्जर, निवासी छबड़ा तह. छबड़ा जिला (बाराँ) | 619/620 | हिलव्यू कॉलोनी छबड़ा | 169-L | 20X50 = 1000 वर्गफीट |

नोट :- उक्त भूखण्ड अनुमोदित योजना के ले-आउट प्लान की सीमा से बाहर व मास्टर प्लान 2023 में दर्शित भू-उपयोग से भिन्न होने की स्थिति में पत्रावली निरस्त कर दी जावेगी।

अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका छबड़ा

**राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा**

क्रमांक : 2673 जाहिर आम सूचना दिनांक : 17.12.2025

आवास संख्या 3-क-58 विज्ञान नगर, कोटा का आवंटन मण्डल द्वारा श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री माधोसिंह शेखावत को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री माधोसिंह शेखावत द्वारा दिनांक 03.01.1997 को अपने पक्ष में करवाया गया। मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर श्रीमती शान्ति देवी पत्नी श्री माधोसिंह शेखावत की मृत्यु दिनांक 30.11.2024 को एवं पति श्री माधोसिंह शेखावत की मृत्यु दिनांक 20.03.2019 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरांत इनके वारिसानों में श्री विरेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह शेखावत एवं श्रीमती चंद्र कांता राठौर पुत्री स्व. श्री माधोसिंह शेखावत पत्नी श्री नरेन्द्र द्वारा उक्त आवास में निहीत अपने अविभाजित हिस्से का त्याग जरिये रिलीज डीड (त्याग पत्र) आलेखित कर दिनांक 19.11.2025 को श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह एवं श्री विजय सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह के पक्ष में संयुक्त रूप से किया गया। श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह एवं श्री विजय सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 3-क-58 विज्ञान नगर, कोटा को उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर संयुक्त रूप से करने हेतु आवेदन किया गया। अत: उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन आवेदन पत्र, क्षतिपूर्ति बंधक पत्र, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, घोषणा पत्र एवं रिलीज डीड (त्याग पत्र) के आधार पर श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह एवं श्री विजय सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह के नाम संयुक्त रूप से करने में किसी भी पक्षकार / व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुए कि उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह एवं श्री विजय सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह के नाम संयुक्त रूप से किये जाने में किसी भी व्यक्ति/ पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास का हस्तांतरण / प्रतिस्थापन श्री सुरेन्द्र सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह एवं श्री विजय सिंह शेखावत पुत्र स्व. श्री माधोसिंह के नाम संयुक्त रूप से कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त, राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा